RAF SECTOR

NEWS CLIP

23/07/2022

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Prabhat khabar, Jamshedpur, (JKD)

केएसएमएस के छात्र-छात्राओं ने शस्त्रों की ली जानकारी

जमशेदपुर. सुंदरनगर स्थित 106 बटालियन द्रुत कार्य बल कैंप परिसर में शुक्रवार को केरला समाजम मॉडल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने हथियारों की जानकारी ली. इस दौरान पौधरोपण का भी कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस मौके पर कमांडेंट निसित कुमार व द्वितीय कमान अधिकारी अनुज कुमार सिन्हा ने छात्र- छात्राओं को रैफ के कार्यों की जानकारी दी. इसके अलावा रैफ द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्य का वीडियो भी दिखाया गया. पौधरोपण के पश्चात उन्होंने बताया कि वातावरण को शुद्ध रखने के लिये पौधरोपण आवश्यक है. सिर्फ पौधे लगाने से नहीं होता, बल्कि उसकी देखभाल भी आवश्यक है. पर्यावरण के प्रति सभी को संवेदनशील होने की आवश्यकता है. कार्यक्रम में रैफ के कई अधिकारी के अलावा केरला समाजम मॉडल स्कूल के अध्यापक व छात्र-छात्राएं मौजूद थे.

Amar Ujala, Lucknow, (UP)

द्रुत कार्य बल का वृक्षारोपण द्वारा संदेश–पर्यावरण के प्रहरी

बिजनौर लखनऊ (नि.सं.)। राजधानी लखनऊ के बिजनौर थाना अंतर्गत स्थित 91 बटा0, द्रुत कार्य बल ने पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी दिखाते हुये ग्रुप केन्द्र के0रि0पु0बल, लखनऊ द्वारा शुक्रवार को अलग-अलग स्थानों पर वृक्षारोपण कर 'पर्यावरण के प्रहरी' होने का सन्देश दिया। वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने के लिये वाहिनी के समस्त अधिकारियों / कार्मिकों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। महानिदेशालय से प्राप्त दिशा-निर्देश के अनुसार 91 बटालियन द्रुत कार्य बल के श्री अमिताभ कुमार, कमाण्डेन्ट के नेतृत्व में बटालियन के द्वारा ग्रुप केन्द्र के0रि0पु0बल, लखनऊ परिसर में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस अभियान के लिये विभिन्न प्रकार के 700 नग छायादार एवं फलदार वृक्षों को रोपित किया गया। जिसमें मुख्यत: आम, अमरूद, जामुन, आंवला, शीशम तथा नीम आदि का वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण अभियान के दौरान 91 बटालियन में उपस्थित अधिकारियों / कार्मिकों को श्री अमिताभ कुमार कमाण्डेन्ट ने सम्बोधित करते हुये कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन के कारण सामान्य जनता के मन में बल के प्रति सद्भावना का विकास होता है और पर्यावरण के लिये भी इस प्रकार के कार्यों के प्रति उत्सुकता बढ़ती है। अभियान समाप्त होने पर सभी ने कमाण्डेंट महोदय का हार्दिक आभार व्यक्त किया। तत्पश्चात, आलोक कुमार, उप कमाण्डेन्ट ने पर्यावरण में वृक्षों के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक बताया तथा आवाहन किया कि सभी पर्यावरण तथा वृक्षों का ध्यान रखेंगें। इस मौके पर बटालियन के रविन्द्र कुमार द्वितीय कमान अधिकारी दिनेश कुमार सिंह उप कमाण्डेन्ट, सर्वेन्द्र कुमार उप कमाण्डेन्ट, प्रतिभा यादव उप कमाण्डेन्ट, रोहित कुमार पाठक सहायक कमाण्डेन्ट, राजेश कुमार मौर्य सहायक कमाण्डेन्ट, हरिशंकर शुक्ला, सहायक कमाण्डेन्ट, धर्मेन्द्र सिंह राठौर सहायक कमाण्डेन्ट, जितेन्द्र कुमार शर्मा सहायक कमाण्डेन्ट एवं अन्य अधिकारियों तथा जवानों ने बढ़-चढ़कर वृक्षारोपण अभियान में भाग लिया।

Jaltedeep, Jaipur, (RAJ)

83 द्रुत कार्य बल ने किया पौधारोपण

■ जलतेदीप, कासं, जयपुर

83 वाहिनी द्रुत कार्य बल के मुख्यालय, लालवास, जयपुर में आरसीडब्ल्यूए द्वारा जुलाई माह के लिए निर्धारित विषय '' तकनीकी क्षेत्र में नवीनतम जानकारियाँ'' पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें आमंत्रित वक्ता डॉक्टर हरलाल सिंह माली (एसोसिएट प्रोफेसर मेकेनिकल इंजीनियरिंग मालवीय नेशनल इंस्टिट्यूट आफ टेक्नोलोजी), ब्लॉक चेन तकनीक, साइबर सिक्यूरिटी, मानवोपयोगी मोबाइल एप्लीकेशन तथा तकनीकी क्षेत्र में केरियर निर्माण के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। सुरेश सिंह पायल, द्वितीय कमान अधिकारी-83 बटा ने डॉक्टर हरलाल सिंह माली को एक नव अंकुरित पौधा देकर अनुग्रहित किया। इस अवसर पर सपना महला पायल,

उपाध्यक्षा आरसी डब्ल्यूए-83 बटा के साथ जवान तथा जवानों के परिवारों के सदस्य उपस्थित रहे। इसके अलावा दुसरे क्रार्यक्रम में श्रीराम शर्मा, सहा.कमा. के नेतृत्व में डी/83 समवाय ने गोद लिये गये गांव सालिगरामपुरा, तहसील-सॉगानेर, जिला जयपुर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें श्रीराम शर्मा, सहा.कमा.,शंकर लाल बैरवा, सरपंच, कालूराम यादव, वार्ड पंच, ग्राम पंचायत सालिगरामपुरा के साथ ग्राम भवानीपुरा के निवासियों के साथ मिलकर पौधारोपण किया। वृक्षारोपण में फलदार, छांयादार एवं औषधीय महत्व के वृक्षों का वृक्षारोपण किया।

Photos of Deployment/Fam-Ex/Other Activities of RAF

दिनांक 20/07/2021 को 100वीं वाहिनी द्रुत कार्य बल में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।